वार्षिक रिपोर्ट

और

लेखा परीक्षा किए गए विवरण

Central Council for Research in Homoeopathy
LIBRARY
Acc. No. 3627
Date 8.7.85

1983-84

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)
(भारत सरकार)
जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ संख्या
प्रशासनिक रिपोर्ट	5
अनुसंधान कार्यक्रम	13
रोग लक्षण अनुसंधान	15
रोग लक्षण सत्यापन अनुसंधान	38
औषधि परीक्षण अनुसंधान	41
औषधि मानकीकरण अनुसंधान	42
साहित्य सम्बन्धी अनुसन्धान और प्रलेखन	44
औषधीय पौधों का सर्वेक्षण तथा संग्रहण	57
संगोष्ठियां, गोष्ठियां, कार्यशालाएं और सम्मेलन	48
अधीनस्थ संस्थान और इकाइयां	51
वार्षिक लेखा 1983-84	55

प्रशासनिक रिपोर्ट

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को 1860 के सोसाइटी पंजीकरण एक्ट XXI के अधीन की गई थी और इसके निम्नलिखित मुख्य उद्देश्य हैं :

(1) होम्योपैथी में वैज्ञानिक ढंग से अनुसंधान के लक्ष्यों और ढांचों की रूपरेखा तैयार करना;

(2) होम्योपैथी से संबंधित हर तरह के अनुसंधान अथवा अन्य कार्यक्रम शुरू करना;

(3) अनुसंधान का निष्पादन और इसके लिए सहायता प्रदान करना, रोग के कारणों, इनके फैलने के तरीकों और रोकथाम से संबंधित प्रायोगिक उपायों के बारे में जानकारी का प्रचार-प्रसार;

(4) होम्योपैथी के विभिन्न आधारभूत और अनुप्रयुक्त पहलुओं से वैज्ञानिक अनुसंधान शुरू करना, सहायता देना और विकास तथा समन्वय पर ध्यान देना और रोगों के अध्ययन, इनकी रोकथाम और उपचार आदि के लिए अनुसंधान संस्था को प्रोत्साहन और सहायता देना।

31 मार्च, 1984 तक सोसाइटी के सदस्य और परिषद् के शासक-मंडल में निम्नलिखित व्यक्ति थे :—

शासक-मंडल

(1) केंद्रीय मंत्री,
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली — अध्यक्ष

(2) केंद्रीय राज्य मंत्री,
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली — उपाध्यक्ष

(3) सचिव,
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली — सदस्य

(4) प्रभारी संयुक्त सचिव,
(आई० एस० एम०)
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली — सदस्य

(5) संयुक्त सचिव (एफ० ए०)
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली — सदस्य

(6) डा. दीवान हरीश चन्द,
1, हनुमान रोड, नई दिल्ली — सदस्य

(7) डा. तिलक राज चड्ढा,
104, राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली — सदस्य

(8) डा. बी. एन. चक्रवर्ती,
5, सुबाल कोले लेन,
हावड़ा (पश्चिमी बंगाल)। — सदस्य

(9) डा. एम. कुटुम्बाराव,
भूतपूर्व प्रिंसिपल,
डा. गुरुराजू राजकीय होम्योपैथिक
मैडिकल कालेज तथा अस्पताल
पो. गुडिवाड़ा,
जिला—कृष्ण (आन्ध्र प्रदेश) — सदस्य

(10) डा. बी. एन. पाल,
रामघाट रोड, अलीगढ़ — सदस्य

(11) डा. डी. एन. प्रसाद,
प्रिंसिपल,
एम. एल. बी. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, झांसी — सदस्य

(12) डा. आर. एस. द्विवेदी,
विज्ञान महाविद्यालय,
(कालेज आफ साइन्सेज)
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी (उ. प्र.) — सदस्य

(13) प्रो. एस. के. वैश्य,
परामर्शदाता,
चिकित्सा एवं हृदय रोग विशेषज्ञ,
एस. एस. एल. अस्पताल,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी — सदस्य

14. निदेशक,
राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान,
118, एम्हर्स्ट स्ट्रीट, कलकत्ता — सदस्य

15. डा. वी. टी. अगस्टिन,
निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
बी.-6, कम्यूनिटी सैंटर,
जनकपुरी, नई दिल्ली। — सदस्य सचिव

वर्ष, 1983-84 में शाकि मंडल की बैठक एक बार हुई।

स्थायी वित्त समिति

1. प्रभारी संयुक्त सचिव
(आई. एस. एम.)
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली।

2. संयुक्त सचिव (एफ. ए.)
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली।

3. डा. दीवान हरीश चन्द,
1, हनुमान रोड, नई दिल्ली।

4. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली।

आलोच्य वर्ष के दौरान स्थायी वित्त समिति की बैठक दो बार हुई, पहली बैठक 4 जुलाई, 1983 को तथा दूसरी 3 मार्च, 1984 को।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

1. डा. दीवान हरीश चन्द,
सलाहकार (होम्योपैथी)
भारत सरकार,
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली। — अध्यक्ष

2. डा. एम. सी.बत्रा,
1-बी, लैन्ड्स एन्ड,
29-डी,डोंगरसे रोड, बम्बई-6 — सदस्य

3. डा० टी. पी. ऐलियास,
प्राचार्य,
होम्योपैथी मेडिकल कालेज,
सचिवोथामापुरम, कोट्टायम। सदस्य

4. डा. एम. कुटुम्बाराव,
भूतपूर्व प्राचार्य,
डा. गुरुराजू राजकीय होम्योपैथिक
मेडिकल कालेज तथा अस्पताल,
गुडीवाड़ा (आन्ध्रप्रदेश) सदस्य

5. डा. बी. एन.चक्रवर्ती,
5,सुबाल कोले लेन,
हावड़ा (पश्चिमी बंगाल) सदस्य

6. डा. वी. टी. अगस्टिन,
उपसलाहकार (होम्योपैथी),
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली। सदस्य

7. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली सदस्य सचिव

आलोच्य वर्ष के दौरान वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक दो बार, मई तथा जून, 1983 में हुई।

कार्यकारी समूह

रोग-लक्षण अनुसंधान

1. डा. दीवान हरीश चन्द,
सलाहकार (होम्योपैथी)
भारत सरकार,
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली। अध्यक्ष

2. डा. बी. एन. चक्रवर्ती,
5, सुबाल कोले लेन,
हावड़ा (पश्चिमी बंगाल) सदस्य

3. डा. एम. सी. बत्रा,
1-बी, लैन्ड्स एण्ड,
29-डी०, डोंगरसे रोड, बम्बई। सदस्य

4. डा. टी. आर. चड्ढा,
104, राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली। सदस्य

5. डा. बी. एन. पाल,
रामघाट रोड, अलीगढ़ सदस्य

6. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली सदस्य-सचिव

औषधि परीक्षण अनुसंधान

1. डा. दीवान हरीश चन्द,
सलाहकार (होम्योपैथी)
भारत सरकार,
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली। अध्यक्ष

2. डा. एम. कुटुम्बाराव,
भूतपूर्व प्राचार्य,
डा. गुरुराजू राजकीय होम्योपैथी
मेडिकल कालेज तथा अस्पताल,
गुडिवाडा (आं. प्र.) सदस्य

3. डा. वी. टी. अगस्टिन,
उपसलाहकार (होम्योपैथी)
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली सदस्य

4. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली। सदस्य-सचिव

औषधि अनुसंधान व मानकीकरण

1. डा. दीवान हरीश चन्द,
सलाहकार (होम्योपैथी),
भारत सरकार,
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली। अध्यक्ष

2. डा. बी. एन. पाल,
रामघाट रोड, अलीगढ़। सदस्य

3. डा. आर. एस. द्विवेदी,
विज्ञान महाविद्यालय,
(कालेज आफ साइन्सेज)
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी। — सदस्य

4. डा. डी. एन. प्रसाद,
प्राचार्य,
एम. एल. बी. कालेज, झांसी — सदस्य

5. प्रो. एस. के. वैश्य,
परामर्शदाता,
चिकित्सा एवं हृदय रोग विशेषज्ञ,
एस. एस. एल. अस्पताल,
बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी। — सदस्य

6. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली। — सदस्य सचिव

साहित्य संबंधी अनुसंधान और प्रलेखन

1. डा. दीवान हरीश चन्द,
सलाहकार (होम्योपैथी),
भारत सरकार,
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली। — अध्यक्ष

2. डा. टी. आर. चड्ढा,
104, राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली। — सदस्य

3. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली। — सदस्य-सचिव

रोगलक्षण अनुसंधान, औषधि पारीक्षण अनुसंधान तथा साहित्य संबंधी अनुसंधान और प्रलेखन के कार्यकारी समूहों में से प्रत्येक की एक बैठक वर्ष 1983-84 के दौरान हुई।

संगठनात्मक कार्य

दो केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, दो क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, एक रोगलक्षण सत्यापन एकक, तेरह रोग लक्षण अनुसंधान एकक, पांच औषधि परीक्षण संबंधी अनुसंधान एकक, तीन औषधि मानकीकरण एकक, एक औषधीय पौधों का सर्वेक्षण तथा एकत्रीकरण एकक, छः रोगलक्षण अनुसंधान एकक (जनजातीय) और एक अनुदान संबंधी जांच एकक स्थापित किया गया।

ऊपर बताए गए छः रोग लक्षण अनुसंधान एकक (जनजातीय) वर्ष 1983-84 के दौरान स्थापित किए गए।

बजट प्रावधान

परिषद् अपने क्रियाकलापों का विस्तार कर रहा है और वर्ष 1984-85 के दौरान जनजातीय क्षेत्रों में 14 अतिरिक्त रोग लक्षण अनुसंधान एककों को खोलने की योजना है।

निम्नांकित तालिका से परिषद् के बजट प्रावधान की एक झलक मिलती है :—

	वास्तविक व्यय वर्ष 1982-83	अनुमानित बजट वर्ष 1983-84	आर. ई. वर्ष 1983-84	वास्तविक व्यय वर्ष 1983-84
योजना	30.59	45.00	40.01	36.60
गैर योजना	17.89	20.60	21.06	20.18
			(लाखों में)	

अनुसंधान कार्यक्रम

1. रोग लक्षण अनुसंधान
2. रोग लक्षण सत्यापन अनुसंधान
3. औषधि परीक्षण संबंधी अनुसंधान
4. औषधि मानकीकरण अनुसंधान
5. प्रलेखन और साहित्य संबंधी अनुसंधान
6. औषधीय पौधों का सर्वेक्षण तथा संग्रहण

1. रोग-लक्षण अनुसंधान

होम्योपैथी में रोग लक्षण अनुसंधान होम्योपैथिक मैटिरिया मैडिका, जिसमें कि औषधियों के लक्षण संकलित होते हैं, के विस्तार हेतु किया जाता है। रोगलक्षण अनुसंधान द्वारा संकलित लक्षणों की पुष्टि की जाती है तथा जो लक्षण औषधि परीक्षण अनुसंधान के दौरान प्रकट नहीं होते लेकिन अध्ययन के दौरान औषधि के प्रभाव से रोगी में प्रकट होते हैं या वे लक्षण ठीक हो जाते हैं, वह भी मैटेरिया मैडिका में औषधि विशेष के अंतर्गत संकलित कर लिये जाते हैं। होम्योपैथिक मैटेरिया मैडिका विभिन्न औषधियों के लक्षण समूह को चित्रित करता है। इस प्रकार रोग लक्षण अनुसंधान लगातार चलने वाली प्रक्रिया है।

रोग लक्षण अनुसंधान के क्षेत्र में परिषद् दो प्रकार के अध्ययन कर रहा है—

1.1 रोग केन्द्रित

1.2 औषधि केन्द्रित

1.1 रोग केन्द्रित रोग लक्षण अनुसंधान विभिन्न रोगों पर किया जा रहा है जैसे—

(i) ऐसे रोग जो सामान्य उपचार से ठीक नहीं होते हैं, जैसे विभिन्न प्रकार के वाइरस, दुर्दम और औषधिजनक रोग जिनमें कि औषधि एलर्जी भी शामिल है।

(ii) ऐसे अति सामान्य रोग जो आबादी के बहुत बड़े भाग को प्रभावित करते हैं।

1.2 औषधि केन्द्रित रोग लक्षण अनुसंधान का उपयोग निम्नलिखित क्षेत्रों में किया जा रहा है—

(i) ऐसी औषधियों, जिनका अध्ययन कम किया गया है या जिनके विषय में कम जानकारी है, उनकी विभिन्न औषधि परीक्षण अनुसंधान एवं रोग-लक्षण प्रयोगों द्वारा खोजबीन करना।

(ii) ऐसी नई औषधियों का जो कि विभिन्न स्रोतों जैसे पौधों, जानवरों, खनिज, सारकोड तथा नोसोड आदि से प्राप्त हुई हैं, का रोग लक्षण अनुसंधान द्वारा विकास करना ताकि उनका उपयोग चिकित्सा हेतु किया जा सके। इस अनुसंधान के अंतर्गत भारतीय मूल की औषधियों को प्राथमिकता दी जाती है।

(iii) ऐसी औषधियों का रोग लक्षण अनुसंधान जो कि अन्य चिकित्सा पद्धतियों में प्रभावकारी ढंग से उपयोग की जाती हैं, जैसे—आयुर्वेद, यूनानी और एलोपैथी।

(iv) ऐसी औषधियों का जो कि परम्परागत रूप से निश्चित रोग-लक्षण अवस्थाओं में जनजातीय क्षेत्रों या आदिवासी क्षेत्रों में प्रयुक्त होती हैं अथवा लोक-साहित्य में काफी प्रसिद्ध हैं, उनका रोग-लक्षण अनुसंधान द्वारा विकास।

(v) ऐसी औषधियां जिनका रोगजनक या कायिक कार्य में उपयोग न किया गया हो, उनका निम्नलिखित प्रयोगों द्वारा विकास करना, जैसे—

(i) छोटे जानवरों जैसे सफेद चूहों आदि पर प्रयोग करना।

(ii) छोटे पौधों पर यह जानने के लिए प्रयोग करना कि होम्योपैथिक औषधियों का जीवाणु, जन्तु और मानव वाइरस पर क्या प्रभाव है।

होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद स्थानीय जनमानस को, जहां कि परिषद् के अधीन संस्थान और इकाइयां कार्यरत हैं, निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान की जाती है। इस प्रकार परिषद् द्वारा एक विशेष प्रकार से होम्योपैथिक चिकित्सा विज्ञान का दूर-दराज के क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार भी होता है।

(1) ऐसे रोगियों की कुल संख्या जो वर्ष 1983-84 के दौरान विभिन्न संस्थानों और इकाइयों में विभिन्न रोगों के उपचार हेतु गए— 1,31,410

(2) ऐसे रोगियों की संख्या जिन पर कि अनुसंधान किया गया— 3,424
(इन रोगियों का चयन वाह्य रोगी विभाग से किया गया)

1.1 रोग केन्द्रित रोग लक्षण अनुसंधान

परिषद् ने विभिन्न प्रकार के 30 रोगों को जिनसे कि सभी प्रकार के लोग प्रभावित होते हैं—जैसे नौजवान और बूढ़े, समृद्ध तथा गरीब तबके के लोग, उसमें ऐसे भी रोग थे, जिनका कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में सामान्यतः कोई निदान नहीं है, रोग केन्द्रित रोग लक्षण अनुसंधान हेतु चयन किया गया। ये रोग निम्नलिखित हैं—

1. श्वसनिका दमा,
2. रूमैटिक ज्वर/सन्धिशोथ,
3. रूमेटाइड सन्धिशोथ,
4. गृध्रसी,
5. वायुविवरशोथ,
6. नासाशोथ,
7. तुण्डिकाशोथ,
8. मध्यकर्णशोथ,
9. खल्वाटता,
10. मानसिक रोग (शीजोफ्रेनिया और चिंता विक्षिप्ति)
11. मिरगी,
12. मधुमेह,
13. गर्भाशय ग्रीवाशोथ,

14. गर्भाशय ग्रीवा अपरदन,
15. अमीबा रुग्णता,
16. पेचिश,
17. मलेरिया,
18. फाइलेरिया,
19. संक्रमणी यकृतशोथ,
20. अतिरक्तदाब,
21. खेलकूद से उत्पन्न रोग लाक्षणिक स्थितियां,
22. अस्थि सन्धिशोथ,
23. जठरान्त्रशोथ,
24. मस्से,
25. घट्टे,
26. त्वक्शोथ,
27. सोरियासिस,
28. एक्ज़ीमा,
29. औषधि एलेर्जी और
30. पित्ती।

1.1.1 श्वसनिका-दमा के लक्षण समूह के प्रबन्ध में होमियोपैथिक औषधियों की भूमिका

यह सर्वविदित है कि श्वसनिका दमा में खांसी का बार-बार दौरा पड़ता है तथा छाती में भारीपन हो जाता है। इसके अतिरिक्त निःश्वसन कष्ट, श्वास का बार-बार आक्रमण, खांसी और लसदार श्लेष्माभ थूक का कफोत्सारण और ह्वीजिंग श्वसनिका दमा (कृच्छ्रश्वसन) के लक्षण हैं। इसको मुख्य रूप से दो भागों में बांटा जा सकता है (क)बाहरी और (ख) आन्तरिक।

(क) बाहरी प्रकार

यह प्रायः बचपन में शुरू होता है और कसरत करने से तथा रात में इसका प्रकोप अधिक हो जाता है। यह अक्सर शैशव एक्जीमा, यरामज ज्वर इत्यादि की रोगी की अपनी या पारिवारिक पृष्ठभूमि से संबंधित होता है। यह भावनात्मक उत्तेजना तथा श्वसन संक्रमण आदि से भी हो जाया करता है।

(ख) आन्तरिक प्रकार

आन्तरिक दमा जीवन के बाद के वर्षों में आरम्भ होता है और फिर स्थायी हो जाता है। इसमें प्रायः चिर और स्थायी श्वसन संक्रमण होता है और बाहरी प्रकार की एलर्जी अवस्थाओं के विपरीत चिरस्थायी नासाशोथ, ना पालिपस, एस्पिरीन संवेदनशीलता आम तौर से पाई जाती है।

अन्तराफुप्फुसीय वायुमार्ग के अवरोध से, जो कि कई दिनों या सप्ताहों तक चलता रहे, एक गम्भीर स्थि उत्पन्न हो जाती है, जो कि दमा स्थिति (स्टेटस अस्थमैटिकस) नाम से जानी जाती है। अगर इसका उपचार समय किया जाय तो यह स्थिति जानलेवा भी हो सकती है।

प्रेक्षण

सम्पूर्ण अवधि में अध्ययन किए गए रोगियों की कुल संख्या—1426

उपचार से विभिन्न कोटि का लाभ हो रहे रोगियों की कुल संख्या—946 (अनुक्रिया दर 66.83 प्रतिशत)

अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि सोरा और साइकोसिस प्रधान मिआज्म थे।

अलग-अलग रोगियों के शारीरिक गठन पर तीव्र अवस्थाओं में और विभिन्न लक्षणों में जो औषधियां प्रभावक पाई गयी, वे निम्नलिखित हैं—

ऐन्टिमनी आर्सेनिकोसम, ऐन्टिमनी टार्टरिकम, एपिस मेलिफिका, आर्सेनिकम एल्बम, आर्सेनिकम आयोडा बलाटा ओरियन्टेलिस, कार्बो वेजिटेबिलिस, कास्टिकम, ड्रोसेरा रोटन्डा, ग्रिन्डेलिया रोबस्टा, हीपर सल्फ्यूरिस, इपिकाकुआ काली बाइक्रोमिकम, काली कार्बोनिकम, लेकेसिस, लोबेलिया इन्फ्लेटा, मेडोरिनम, मेफाइटिस, नैट्रम म्यूरिएटिकम, नै सल्फ्यूरिकम, पोथोस फीटिडस, फासफोरस, पल्सेटिला नाइग्रिकेन्स, संबुक्स नाइग्रा, स्पंजिया टोस्टा, स्किवला मैरीटि स्टैनम, सल्फर, ट्यूबरक्यूलिनम और थूजा आक्सिडेन्टेलिस।

1.1.2 रूमैटिकज्वर/सन्धिशोध के लक्षण समूह के प्रबंध में होमियोपैथिक औषधियों की भूमिका

रूमैटिक ज्वर और सन्धिशोथ स्ट्रेप्टोकाकस पायोजनी संक्रमण का उपद्रव और इसमें हृद्पेशी और सन्धि अथवा जोड़ विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। यह रोग बचपन और किशोरावस्था में अधिक होता है। यदि समय पर इस उपचार न किया गया तो इससे हृद्पेशियों में द्विकपर्दी संकीर्णता जैसे विरूपण उत्पन्न हो जाते हैं और साथ ही हृदयाव शोथ (पेरिकर्डाइटिस) और रक्ताधिक्य जैसे विकार भी उत्पन्न हो जाते हैं जिससे हृदय की गति रुक जाती है।

बहुत से हौम्योपैथों ने इस रोग के उपचार के लिए प्रभावकारी होम्योपैथिक औषधियों की जानकारी दी है, इ जानकारियों को वैज्ञानिक कसौटी द्वारा प्रमाणित करने हेतु परिषद् ने यह अध्ययन अपने हाथ में लिया है।

प्रेक्षण

रूमैटिक ज्वर और सन्धिशोथ से पीड़ित कुल 226 रोगियों का अध्ययन किया गया।

इनमें से 198 रोगियों को हालत में विभिन्न मात्रा में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 87.61 प्रतिशत)। अलग अलग रोगियों के विभिन्न लक्षणों में प्रभावकारी औषधियों की सूची नीचे दी गई है।

तीव्र अवस्था में : एकोनाइटम नैपेलस, आर्निका मोन्टैना, एपिस मेलिफिका, ऐक्टिया रैसिमोसा, एपोसाइनम, कैनाबिनम, केमोमिला, बैप्टीसिया टिन्कटोरिया, ब्रायोनिया एल्बा, यूपेटोरियम परफोलिएटम, फेरम फास्फोरिकम, काली बाइक्रोमिकम, कैल्मिया लैटिफोलिया, लैकेसिस, पल्सेटिला नाईग्रिकेन्स, रस्टाक्सिकोडेन्ड्रान और सैन्विनेरिया।

चिरकारी अवस्था में

आर्निका मौन्टेना, एगैरिक्स मस्केरियस, एमोनियम म्यूरिएटिकम, केल्केरिया कार्बोनिका, कास्टिकम, कोल्चिकम आटमनेल, फेरम मैटैलिकम, काली आयोडेटम, लैक केनिनम, लीडम पलुस्ट्रा, लाइकोपोडियम क्लेवेटम, मेडोरिनम, प्लम्बम मेटेलिकम, रोडोडेन्ड्रान, रूटा ग्रेविओलेन्स, रसटाक्सिकोडेन्ड्रान, सीपिया आफिसिनैलिस, स्टैफीसैग्रिया, टैरेन्टुला क्यूबेन्सिस, थूजा आक्सीडेन्टैलिस, थायरायडिनम, हीपर सल्फ्यूरिस और मरकूरियम सालुबिलिस।

1.1.3 रूमैटाइड सन्धिशोध के लक्षण समूह के प्रबंध में होमियोपैथिक औषधियों की भूमिका

रूमैटाइड सन्धिशोध एक व्यापक रोग है और विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों में इसका कारगर निदान उपलब्ध नहीं है। होम्योपैथी में इस सर्वाधिक अशक्तकारी रोग के उपचार की कुछ औषधियां हैं जिनका लक्षण रोग के लक्षण समूह से मिलता-जुलता है।

प्रेक्षण

इसके 10 रोगियों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 8 में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 80 प्रतिशत) इस रोग की प्रभावकारी औषधियां रसटाक्सिकोडेन्ड्रान, ब्रायोनिया एल्बा, कैल्केरिया कार्बोनिका तथा कास्टिकम हैं। ये औषधियां 30 तथा 200 की शक्तियों में प्रयोग की गयी।

1.1.4 गृध्रसी (शियाटिका) के लक्षण समूह के प्रबंध में होमियोपैथिक औषधियों की भूमिका

गृध्रसी तंत्रिकार्ति मानव में पाई जाने वाली अत्यधिक तीव्र पीड़ा है। यह रोगग्रस्त व्यक्ति को इस सीमा तक असहाय कर देती है कि वह सामान्य कार्य भी नहीं कर सकता।

प्रेक्षण

इस रोग से पीड़ित 24 रोगियों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 19 में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 75.83 प्रतिशत)। जिन औषधियों का प्रयोग किया गया, वे हैं—ब्रायोनिया एल्बा, नैफैलियम, पल्सैटिला नाइग्रिकेन्स, रोडोडेन्ड्रान और रसटाक्सिकोडेन्ड्रान। यह औषधियां 30 तथा 200 की शक्ति में प्रयोग की गई।

1.1.5 विवरशोथ (साइनसशोथ) के लक्षण समूह के प्रबंध में होमियोपैथिक औषधियों की भूमिका

साइनसशोथ ऊपरी श्वसनपथ संक्रमणों का एक आम रोग है और सामान्यतः जुकाम के दब जाने से होता है। इसमें तीव्र शिरोवेदना या क्षेत्रीय पीड़ा होती है और इसके साथ-साथ अन्य शारीरिक समस्याएं भी होती हैं।

प्रेक्षण

इस रोग से पीड़ित 10 रोगियों का अध्ययन किया गया जिसमें सभी चिरकारी थे। उन सभी रोगियों की हालत में विभिन्न मात्रा में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 100 प्रतिशत) इस रोग में प्रभावकारी औषधियां जिनका प्रयोग किया

गया वह इस प्रकार हैं : हीपर सल्फ्यूरिस, फासफोरस, दोनों ही औषधियां 1000 शक्ति में प्रयोग की गयीं। डल्कामारा 30 शक्ति में दी गई।

अध्ययन अभी जारी है।

1.1.6 नासाशोथ (राइनाटिस) के लक्षण समूह के प्रबंध में होमियोपैथिक औषधियों की भूमिका

नासाशोथ आम तौर पर सर्दियों में ऊपरी श्वसन में होने वाला संक्रमण है, जिसका यदि समय पर उपचार किया जाए तो वायुविवरशोथ, ग्रसनीशोथ, स्वरयंत्रशोथ और श्वसनीशोथ जैसे अनेक जटिल रोग पैदा हो जाते हैं।

प्रेक्षण

इस रोग से पीड़ित 46 रोगियों का अध्ययन किया गया, उनमें से 34 की हालत में विभिन्न मात्रा में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 73.91 प्रतिशत)। इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं वे इस प्रकार हैं : एलियम सीपा, अमोनीयम टारटैरिकम, बैराइटा कार्बोनिका, ब्रायोनिया एल्बा, यूपैटोरियम परफोलिएटम, इपिकाकुआना, नक्सवोमिका, पल्सैटिला नाइग्रिकेन्स और रसटाक्सिकोडेन्ड्रान।

1.1.7 तुंडिकाशोथ (टान्सिलाइटिस) के प्रबंध में होमियोपैथिक औषधियों की भूमिका

तुंडिकाशोथ बचपन और किशोरावस्था में होने वाला एक आम संक्रमण है। इसमें प्राय: काफी संक्रमण ऊपरी श्वसनपथ का होता है। होम्योपैथी में इस संक्रमण का बहुत अच्छा इलाज है, जिसके कारण कई मामलों में शल्यक्रिया से बचा जा सकता है। होम्योपैथी औषधियों की उपचार संबंधी प्रभावशीलता स्थापित करने के लिए परिषद् ने तुंडिकाशोथ पर इन औषधियों के प्रभाव के मूल्यांकन का काम हाथ में लिया है।

प्रेक्षण

इस अवधि में इस रोग के 81 रोगियों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 67 की हालत में विभिन्न मात्रा में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 82.71 प्रतिशत)। इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गईं वे इस प्रकार हैं : ऐपिस मेल, फिका, बैराइटा कार्बोनिका, बैराइटा म्यूरिएटिकम, बैलाडौना, केल्केरिया कार्बोनिका, कास्टिकम, लाइकोपोडियम क्लैवेटम, मरक्यूरियस सालुबिलिस, नैट्रम म्यूरिएटिकम, फाइटोलेक्का और फासफोरस हैं। अधिकांश स्थितियों में यह पाया गया कि इस रोग के प्रमुख कारण अतिशीतलपेय, खट्टी और ठंडी वस्तुएं हैं।

इस पर अभी कार्य जारी है।

1.1.8 मध्यकर्ण शोथ (ओटाइटिस मीडिया) के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

मध्यकर्ण शोथ में पूयजनक जीवों के कारण मध्यकर्ण विवर में तीव्र संक्रमण हो जाता है। यह अधिकतर बच्चों में ऊपरी श्वसनपथ संक्रमण अथवा स्कारलेट ज्वर, खसरा आदि के उपद्रव के कारण होता है। ज्वर के साथ कान में साफ न सुनाई देना और कान में पस का निकलना इसके अभिलक्षण हैं। सामान्यत: यह एक उग्र संक्रमण है, परन्तु सही पर ठीक उपचार न होने पर चिरकारी रोग बन जाता है और शल्यक्रिया की भी आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसा दावा किया गया है कि होम्योपैथी में इसका पूर्ण इलाज है, इसलिए परिषद् ने इस रोग के अध्ययन कार्य को अपने हाथ लिया है।

प्रेक्षण

इस अवधि में इस रोग से पीड़ित 9 रोगियों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 4 की हालत में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 44·44 प्रतिशत)। इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गई वे इस प्रकार हैं :—

बैलाडौना, काली कार्बोनिका, पल्सेटिला नाइग्रिकैन्स और साइलीशिया।

अभी इस रोग पर अध्ययन जारी है।

1.1.9 खल्वाटता एलोपेसिया के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

खल्वाटता ऐसा रोग है जिसका शरीर में काफी अन्दर तक असर होता है और यह रोग बहुत लम्बे समय तक चलता है। यह रोगी की संरचना में असन्तुलन से संबंधित है। इस रोग में रोगी के बाल किसी एक या अनेक स्थानों से उड़ जाते हैं और उन स्थानों की त्वचा चिकनी तथा सफेद हो जाती है। यह रोग कम लोगों में होने के कारण अभी तक बहुत कम रोगी इस अध्ययन के अंतर्गत पंजीकृत किए गए हैं।

प्रेक्षण

कुल 12 रोगियों का अध्ययन किया गया, जिनमें से तीन में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 25 प्रतिशत)। इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गईं वह सल्फर और विन्का माइनर हैं।

इस रोग के उपचार में काफी समय लगता है। इसलिए अध्ययनरत रोगियों का प्रेक्षण जारी है।

1.1.10 मानसिक रोगों (व्यवहार संबंधी गड़बड़ियों) के प्रबन्ध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

होम्योपैथी औषधियां, जो गतिशील स्तर पर काम करती हैं, मानसिक विकारों के उपचार में अत्यंत उपयोगी पाई गई हैं। आधुनिक चिकित्सा पद्धति में इन विकारों के लिए उपचार और प्रबंध अपेक्षित हैं और उन्हें किसी भी दृष्टि से मामूली नहीं कहा जा सकता है। मानसिक विकारों में विखण्डित मनस्कता (शीजोफ्रेनिया) और चिन्ता विक्षिप्ति के रोगियों की संख्या अधिक है, अत: इन विकारों में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावशीलता को जानने के लिए कार्य हो रहा है। इसके लिए अंतरंग रोगी और बहिरंग रोगी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया 336

जिन रोगियों की हालत में सुधार हुआ 156 (अनुक्रिया दर 46.42 प्रतिशत)

जो औषधियां प्रभावकारी पाई गईं वे इस प्रकार हैं—हायोसायमस नाइगर, इग्नेशिया अमारा, लैकेसिस, फासफोरस, पल्सेटिला नाइग्रिकेन्स, सल्फर और वेरेट्रम अल्बम।

अध्ययन के दौरान ऐसा पाया गया कि इस रोग के मुख्य कारण आनुवंशिक पृष्ठभूमि, चिन्ता, मानसिक आघात, निराशा तथा औषधियों का व्यसन है।

इस संबंध में कार्य अभी जारी है।

1.1.11 मिरगी (एपिलेप्सी) के लक्षण समूह के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

मिरगी रोग एक चिरकारी रोग है जिसके कारणों की जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। चेतना संबंधी गड़बड़ी तथा आक्षेप इसके अभिलक्षण हैं। इसमें आक्षेपरहित या आक्षेप सहित चेतना संबंधी गड़बड़ी होती है।

यह दावा किया जाता है कि होम्योपैथिक औषधियों द्वारा मिरगी संलक्षण का पूर्ण इलाज किया जा सकता है, किन्तु इन दावों की सत्यता की वैज्ञानिक आधार पर पुष्टि करने की आवश्यकता है। इसलिए परिषद् ने मिरगी रोग में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव को सुनिश्चित करने के लिए अध्ययन आरम्भ किया है।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया 33

जिन रोगियों की हालत में विभिन्न मात्रा में सुधार हुआ 19 (अनुक्रिया दर 57.57 प्रतिशत)।

इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गईं वे इस प्रकार हैं:—बैलाडौना, बूफो राना, लेकेसिस, मरक्यूरियस सालुबिलिस, नक्स वोमिका, सल्फर, सिफिलिनम और पल्सेटिला नाइग्रिकेन्स।

परिणामों से ऐसा पता लगा है कि छोटी आयु वालों में यह रोग अधिक होता है।

कार्य अभी जारी है।

1.1.12 मधुमेह के प्रबन्ध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

मधुमेह एक प्रकार का चयापचयी विकार है। अतिग्लूकोज रक्तता और शर्करामेह इसके अभिल८. हैं। आधुनिक चिकित्सा पद्धति में प्रतिमधुमेही औषधियों, आहार नियंत्रण आदि विविध उपायों द्वारा केवल रुधिर शर्करा स्तर को नियंत्रित किया जाता है। ज्ञात हुआ है कि अनेक होम्योपैथिक औषधियों द्वारा मधुमेह का पूर्ण इलाज किया जा सकता है, परन्तु इनकी सत्यता की पुष्टि वैज्ञानिक आधार पर करने की आवश्यकता है; इसलिए परिषद् ने इसका अध्ययन अपने हाथ में लिया है।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया—42। 15 रोगियों की हालत में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 35.71 प्रतिशत)।

इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं वे इस प्रकार हैं: आर्सेनिक एल्बम, एसेटिक एसिड, कैल्केरिया कार्बोनिका, नेट्रम म्यूरिएटिकम, फास्फोरिक एसिड, फास्फोरस, पल्सेटिला नाइग्रिकेन्स, सल्फर और टैरेन्टुला क्युबैन्सिस है।

अधिक आंकड़े एकत्रित करने के लिए कार्य जारी है।

1.1.13 गर्भाशय ग्रीवाशोथ (सर्विससाइटिस) के लक्षण समूह के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

गर्भाशय ग्रीवा अपरदन सहित यह विकार महिलाओं में होने वाले रोगों का एक काफी बड़ा हिस्सा है।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया—12

4 रोगियों की हालत में विभिन्न मात्रा में सुधार हुआ। (अनुक्रिया दर 33.33 प्रतिशत)

इस रोग में निम्नलिखित होम्योपैथिक औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं: नेट्रम म्यूरेटिकम, पल्सेटिला नाइग्रिकेन्स और सीपिया आफिसिनेलिस।

अध्ययन अभी जारी है।

1.1.14 गर्भाशय ग्रीवा अपरदन के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

गर्भाशय ग्रीवा शोथ के साथ यह योजना भी हाथ में ली गई है, क्योंकि अभिव्यक्त लक्षणों व चिन्हों के अनुसार दोनों रोगों के लिए निर्दिष्ट होम्योपैथिक औषधियां वही हैं।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया—14; इनमें 7 रोगियों की हालत में विभिन्न मात्रा में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 50 प्रतिशत)।

इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गई, वे निम्नलिखित हैं—

बोरेक्स वेनेटा, नेट्रम म्यूरिएटिकम, पल्सेटिला नाइग्रिकेन्स और सीपिया आफिसिनेलिस।

आगे कार्य प्रगति पर है।

1.1.15 अमीबा-रुग्णता के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

यह देश के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में सर्वाधिक पाया जाने वाला आंत्रपथ का रोग है। बताया जाता है कि इस रोग के उपचार में अनेक होम्योपैथिक औषधियां उपयोगी सिद्ध हुई हैं। इन औषधियों की उपयोगिता की सत्यता की पुष्टि करने के लिए परिषद् ने इनका अध्ययन आरम्भ किया है।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया—91

जिन रोगियों को काफी लाभ हुआ—63 (अनुक्रिया दर 69.23 प्रतिशत)। इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी सिद्ध हुईं वे इस प्रकार हैं—

एकोनाइटम नैपेलस, एलो सौकोट्रिना, आरजैन्टम नाइट्रिकम, आर्निका मोन्टेना, बैप्टिसिया टिन्क्टोरिया, ब्रायोनिया एल्बा, कैल्केरिया कार्बोनिका, चेलिडोलियम मेजस, चाइना आफिसिनैलिस, कोल्चिकम आटमनेल, कोलोसिन्थिस, हाइड्रैसिटस कैनाडेन्सिस, इपिकाकुआना, मरक्यूरियम डल्सिस, मरक्युरियस सालुबिलिस, नाइट्रिक एसिड, नक्स वोमिका, नैट्रम सल्फ्यूरिकम, पोडोफाइलम पैल्टेटम, फास्फोरस, पल्सेटिला नाइग्रिकेन्स, साइलीशिया, सल्फर और ट्यूबरक्यूलिनम।

अध्ययन कार्य प्रगति पर है।

1.1.16 पेचिश के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

पेचिश का रोग पूरे देश में समान रूप से पाया जाता है । इसके उपचार के लिए निर्दिष्ट होम्योपैथिक औषधियों का परीक्षण किया गया, जिससे उनकी प्रभावकारिता की पुष्टि की जा सके ।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया—105

75 रोगी पूर्णरूप से स्वस्थ हो गए और 22 रोगियों की हालत में विभिन्न मात्रा में सुधार हुआ (अनुक्रिया दर क्रमशः 71.42 प्रतिशत और 20.95 प्रतिशत)। अध्ययन के दौरान जो औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं उनके नाम हैं : एलो सोकोट्रिना, बैलाडौना, चाइना आफिसिनेलिस, सिना, फेरम फास्फोरिकम, हेमामेलिस वर्जिनिका, इपिकाकुआना, कुर्ची, पोडोफाइलम पैल्टेटम, पल्सेटिला नाइग्रिकेन्स और सल्फर ।

अध्ययन अभी चल रहा है, इसलिए इसके पूरा होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा ।

1.1.17 मलेरिया के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

मलेरिया भारत जैसे उष्णकटिबन्धीय देशों में आम तौर पर होता है और राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण समस्या है । परिषद् ने इस नैदानिक समस्या के अध्ययन का अनुसंधान कार्य हाथ में लिया है ।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया—74

जिन रोगियों की हालत में विभिन्न मात्रा में सुधार हुआ—65 (अनुक्रिया दर 87.83 प्रतिशत) । इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं उनके नाम हैं :—एकिरैन्थिस ऐस्पेरा, आर्सेनिक एल्बम, ब्रायोनिया एल्बा, कैप्सिकम एनम, चाइना आफिसिनेलिस, चिनिनम सल्फ्यूरिकम, फेरम फास्फोरिकम, जैल्सेमियम सैम्पराविरेन्स, इपिकाकुआना, लाइकोपोडियम क्लैवेटम, नैट्रम म्यूरियाटिकम, नक्स मस्केटा, आसिमम केन, पल्सेटिला नाइग्रिकैन्स, रसटाक्सिकोडेन्ड्रान, साइलीशिया, सल्फर और वाइटैक्स नेगुन्डा ।

अध्ययन अभी जारी है ।

1.1.18 फाइलेरिया रुग्णता के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

फाइलेरिया रुग्णता भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण नैदानिक समस्या है, क्योंकि इसका कृमि संक्रमण देश के अनेक भागों में, विशेष रूप से पूर्वी क्षेत्र में बहुत अधिक मात्रा में होता है । लसीका ग्रंथियों और वाहिकाओं की सूजन और साथ में ज्वर इसके अभिलक्षण हैं । इसमें अंगों की लसीकाएं सब से अधिक प्रभावित होती हैं तथा वृषणकोश और अंगों का शोथ आम लक्षण हैं ।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया—891

396 रोगियों की हालत में काफी सुधार हुआ, 338 में औसत दर्जे का और 69 रोगियों में हल्के दर्जे का सुधार हुआ (अनुक्रिया दर क्रमशः 44 प्रतिशत 37.93 प्रतिशत, और 7.74 प्रतिशत) । 96 रोगियों पर औषधियों का कोई प्रभाव नहीं हुआ और शेष रोगियों का उपचार अभी हो रहा है । इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी सिद्ध हुई वे हैं—

एपिस मेलिफिका, आर्निका मोन्टाना, आर्सेनिक अल्बम, बैलाडौना, ब्रायोनिया एल्बा, केल्केरिया फास्फोरिकम, कैल्केरिया फ्लुआरेट, कैल्केरिया कार्बोनिका, क्लेमेटिस इरेका, ग्रेफाइटिस, हाइड्रोकोटाइल एशियाटिका, लाइकोपोडियम कैलैवेटम, मरक्यूरियस सालुबिलिस, मरक्यूरियस बिन आयोडाइड, नैट्रम म्यूरियाटिकम, नक्स वोमिका, सोरिनम, पल्सेटिला नाइग्रिकैन्स, रोडोडेन्ड्रान, रसटाक्सिकोडेन्ड्रान, साइलीशिया, सल्फर और थूजा आक्सीडेन्टेलिस ।

अभी तक प्राप्त परिणाम भावी अध्ययन के लिए आशाजनक हैं ।

1.1.19 संक्रमणी यकृतशोथ के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

यह रोग किसी या कुछ विषाणुओं के कारण होने वाला यकृत का उग्र प्रकार का शोथ है । यह प्रायः पृथक् संक्रमण के रूप में होता है, किन्तु कभी-कभी महामारी का रूप ले लेता है । संक्रमणी यकृतशोथ के उपचार और प्रबंध में परिषद् ने होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का अध्ययन आरम्भ किया ।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया	20	
जिन रोगियों की हालत में सुधार हुआ	20	(अनुक्रिया दर 100 प्रतिशत)

होम्योपैथिक औषधि चेलिडोनियम मेजस इस रोग में प्रभावकारी पाई गई ।

जो परिणाम प्राप्त हुए हैं वे आशाजनक हैं । क्योंकि जिन रोगियों का अध्ययन अभी तक किया गया है उनकी संख्या ज्यादा नहीं है, इसलिए अधिक आंकड़े एकत्रित करने हेतु अध्ययन अभी जारी है ।

1.1.20 अतिरक्तदाब के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

अतिरक्तदाब अत्यंत नैदानिक महत्त्व का विकार है, क्योंकि यह अनेक गम्भीर हृद्वाहिका और वृक्क संबंधी रोगों का द्योतक है ।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया	15	
इनमें से जिन रोगियों की हालत में लाक्षणिक सुधार हुआ	8	(अनुक्रिया दर 53.35 प्रतिशत)

इसमें प्रभावकारी औषधियों के नाम हैं—औरम मेटालीकम, बैराइटा म्यूरेटिकम, चियोनेन्थस विरजिनिका, रसटाक्सिकोडेन्ड्रोन और थूजा आक्सिडेन्टेलिस ।

अभी अध्ययन जारी है ।

LIBRARY
Acc. 3627
D. 8.7.85

1.1.21 खेलकूद से संबंधित नैदानिक स्थितियों के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

खिलाड़ियों को अत्यधिक शारीरिक व्यायाम करना पड़ता है, जिससे उनकी पेशियों, स्नायुओं, संधियों और हड्डियों की क्षति का अत्यंत खतरा रहता है। इनमें कुछ क्षतियों का औषधीय उपचार करना अनिवार्य होता है। अन्य प्रकार की क्षतियों की चिकित्सा में कुछ होम्योपैथिक औषधियां अत्यन्त प्रभावकारी सिद्ध हुई हैं।

परिषद् ने उपलब्ध नैदानिक आंकड़ों की पुष्टि करने और खेलकूद सम्बन्धी क्षतियों से विभिन्न होम्योपैथिक औषधियों की प्रभाविकता प्रमाणित करने के उद्देश्य से हाल ही में यह अध्ययन कार्यक्रम आरम्भ किया है। आलोच्य वर्ष में केवल 3 रोगियों का अध्ययन किया गया। इन सभी रोगियों को विभिन्न मात्राओं में लाभ हुआ। जो औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं उनके नाम हैं :—कैलकेरिया कार्बोनिका, रसटाक्सिकोडेन्ड्रान और स्टेफिसेगेरिया।

अध्ययन अभी जारी है।

1.1.22 अस्थि सन्धिशोथ के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

अस्थि सन्धिशोथ एक ऐसा रोग है, जिसमें सन्धायम उपास्थि का धीरे-धीरे व्यपजनन हो जाता है और नितम्ब, घुटने और टखने जैसी भारवाही सन्धियों के किनारों की उद्वृद्धि हो जाती है। प्राय: यह रोग एक या दो बड़ी सन्धियों तक ही सीमित रहता है।

आलोच्य वर्ष के दौरान अस्थिसन्धिशोथ के 26 रोगियों का अध्ययन किया गया। होम्योपैथिक औषधियों में इनमें से 8 रोगियों में लाक्षणिक सुधार देखने को मिला (अनुक्रिया दर 30.76 प्रतिशत)। अध्ययन के दौरान जो औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं उनके नाम हैं :—बैसिलिनम, ब्रायोनिया एल्बा, कैल्केरिया कार्बोनिका, कैल्मिया लैटिफोलिया, कार्बो कार्बोनिका, मैडोहाइनम, नैट्रम म्यूरियाटिकम, आकजैलिक एसिड और थूजा आक्सीडैन्टैलिस।

1.1.23 जठरान्त्र शोथ के लक्षण समूह के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

आहारनाल के श्लेष्मल स्तर के शोथ को जठरान्त्रशोथ कहते हैं और अत्यधिक वमन (उल्टी आना) तथा प्रवाहिका के साथ-साथ उदर में दर्द और निस्तानिका (टैनेस्मस) इसके विशेष लक्षण हैं। प्राय: ज्वर भी आता है।

यह दावा किया जाता है कि इस रोग में विभिन्न होम्योपैथिक औषधियां अत्यधिक प्रभावकारी हैं। इसकी प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए परिषद् ने इसका अनुसंधान अध्ययन आरम्भ किया है।

प्रेक्षण—

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया—50

इनमें से 19 रोगी रोगमुक्त हो गए, 15 रोगियों की हालत में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ और 7 की हालत में औसत दर्जे का सुधार हुआ (अनुक्रिया दर क्रमश: 38 प्रतिशत, 30 प्रतिशत और 14 प्रतिशत)। अध्ययन के दौरान जो औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं उनके नाम हैं—

एलो सोकोट्रिना, आर्सेनिकम एल्बम, कैमोमिला, चाइना आफिसिनेलिस, इपिकाकुआन्हा और पोडोफाइलम पैल्टेटम। ये सभी औषधियां 30 की शतांशिक शक्ति में प्रयोग की गयीं।

किसी निष्कर्ष पर पहुंचने की दृष्टि से और अधिक आंकड़े प्राप्त करने के लिए अध्ययन जारी रखा जा रहा है।

1.1.24 मस्सों के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

मस्से शरीर के अंगों में हो जाते हैं और प्राय: बार-बार तथा तेजी से फैलते हैं। ये डीआक्सीराईबोन्यूक्लिक एसिड विषाणुजनित संक्रमण के कारण होते हैं और मनुष्य की त्वचा तक ही सीमित रहते हैं। आधुनिक आयुर्विज्ञान में सामान्य रूप से इसका रासायनिक प्रदहन और शल्य उपचार किया जाता है, लेकिन दूसरी ओर, होम्योपैथिक ग्रन्थों में जो आंकड़े इस रोग के बारे में उपलब्ध हैं उनकी प्रामाणिकता की पुष्टि हेतु परिषद् ने यह अध्ययन अपने हाथ में लिया है।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया—18

इनमें से दो रोगियों की हालत में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 11.11 प्रतिशत)।

होम्योपैथिक औषधि कौस्टिकम इस रोग में प्रभावकारी पाई गयी।

अध्ययन कार्य अभी जारी है।

1.1.25 घट्टों के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

इस रोग के कारण हथेलियों और पैरों के तलुओं में बहुत दर्द होता है। बार-बार घर्षण से प्रभावित हिस्सों में शल्की स्तर (स्ट्रेटम कार्नियम) धीरे-धीरे मोटा होता चला जाता है। पैरों में फिट न आने वाले जूतों के कारण प्राय: यह रोग उत्तेजित होता है।

प्रेक्षण

इस रोग से पीड़ित 8 रोगियों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 4 की हालत में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 50 प्रतिशत)। जो औषधियां प्रभावकारी पाई गईं वह हैं—एन्टिमोनियम क्रूडम, नैट्रम म्यूरियाटिकम और पल्सेटिला नाइग्रिकैन्स है। ये सभी औषधियां 1000 की शक्ति में दी गईं।

1.1.26 त्वक्शोध के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

यह रोग आम तौर से समाज के सभी वर्गों और आयु-समूह के लोगों में पाया जाता है।

प्रेक्षण

इस रोग के 19 रोगियों का अध्ययन किया गया। अध्ययन किए गए रोगियों में से 12 की हालत में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 41.37 प्रतिशत)। जो औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं वह हैं—आर्सेनिकम एल्बम, ग्रैफाइटिस, मेजेरियम, सोरिनम, रसटाक्सिकोड्रेन्ड्रान, सल्फर और ट्यूबरक्यूलिनम।

1.1.27 सोरियासिस के प्रबन्ध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

सोरियासिस एक त्वकसंक्रमण है, जिसमें त्वचा पर सुस्पष्ट लाल धब्बे पड़ जाते हैं, जिनके ऊपर चांदी के

रंग की पपड़ी जम जाती है।

प्रेक्षण

इस रोग से पीड़ित केवल 5 रोगियों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 2 की हालत में सुधार हुआ। किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए अध्ययन जारी है।

1.1.8 एक्जीमा के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

एक्जीमा एक आम त्वचा विक्षप्ति है, इस सम्बन्ध में होम्योपैथी में उत्तम कार्य हुआ है और कुछ रोगियों का चमत्कारिक इलाज हुआ है।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया—41

जिन रोगियों की हालत में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ—26 (अनुक्रिया दर 63.4 प्रतिशत)।

इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं नीचे दी गई हैं—

बैसिलिनम, ब्रायोनिया एल्बा, कैल्केरिया कार्ब्रोनिका, डलकामारा, ग्रैफाइटिस, नवस वोमिका, रसटाक्सिकोडेन्ड्रान, सल्फर और थूजा आक्सिडेन्टेलिस।

ये औषधियां 30 से 1000 तक की शतांशिक शक्ति में प्रयोग की गयीं।

अध्ययन कार्य जारी है।

1.1.29 औषधि ऐलर्जी के कारण होने वाले अनेक त्वचा रोगों के संबंध में किया गया कार्य

आजकल सांश्लेषिक औषधियों की बहुत बड़ी मात्राओं का प्रयोग करने से जठरांत्र और त्वचीय प्रतिक्रिया का होना एक आम बात है। यह एक दिलचस्प नैदानिक समस्या है, जिसके कारण परिषद् ने यह जानने के लिए कि होम्योपैथिक औषधियां इस रोग में क्या प्रभाव करती हैं, यह अध्ययन आरम्भ किया है।

प्रेक्षण

कुल रोगी जिनका अध्ययन किया गया—5

जिन रोगियों की हालत में विभिन्न मात्रा में सुधार हुआ उनकी संख्या—3 (अनुक्रिया दर 60 प्रतिशत)।

इस रोग में जो औषधियां प्रभावकारी पाई गयीं वह हैं :—आर्सेनिकम ब्रोमेटम, काली ब्रोमेटम, रसटाक्सिकोडेन्ड्रान, वेनेन्टा, सल्फ्यूरिक एसिड और अर्टिका यूरेन्स।

1.1.30 पित्ती के प्रबंध में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

एलर्जिक त्वचा विकारों में पित्ती आम तौर पर होने वाला विकार है। इसका संक्रमण प्रायः बहुत तीव्र और

परेशानी पैदा करने वाला होता है। ऐसा दावा किया जाता है कि होम्योपैथिक औषधियां अनेक प्रकार की पित्ती के उपचार में बहुत लाभकारी हैं। परिषद् ने होम्योपैथिक औषधियों के वैज्ञानिक विश्लेषण हेतु यह अध्ययन कार्य अपने हाथ में लिया है।

प्रेक्षण

कुल रोगियों की संख्या जिनका अध्ययन किया गया—106

इनमें से 48 रोगियों की हालत में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ (अनुक्रिया दर 45.28 प्रतिशत)।

जो औषधियां इस रोग में प्रभावकारी पाई गयीं उनके नाम हैं—

एकोनाइटम नेपेलस, एन्टिमोनियम क्रूडम, एपिस मैलिफिका, आर्निका मौन्टेना, बैलाडौना, कैल्केरिया कार्बोनिका, कैन्थेरिस वैसिकेटर, डल्कामारा, ग्रैफाइटिस, हीपर सल्फ्यूरिस, फास्कफोरिक एसिड, रसटाक्सिकोडेन्ड्रान सल्फर और थूजा आक्सिडेन्टेलिस।

अध्ययन कार्य अभी जारी है।

1.1.31 विभिन्न प्रकार के महामारी रोगों में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका

देश के विभिन्न भागों में जिन रोगों की महामारी यदा-कदा फैलती है उनके तुरन्त उपचार एवं अनुसंधान के लिए भी परिषद् ने अध्ययन कार्य अपने हाथ में लिया है।

इस अध्ययन के पीछे मुख्य विचारधारा यह है कि कुछ रोगनिरोधी उपायों और एपिडेमिकस वंश (जीनस एपिडेमिकस) का पता लगाकर इस रोग से पीड़ित उच्च मृत्युदर को घटाया जा सके और ऐसे व्यक्तियों को जो कि महामारी से प्रभावित हो सकते हैं, रोगग्रस्त होने से बचाया जा सके।

आलोच्य वर्ष के दौरान पश्चिमी बंगाल के मिदनापुर जिले में मस्तिष्क शोथ वाइरस की महामारी फैली थी, उसका अध्ययन किया गया।

प्रक्षण

विभिन्न आयु और लिंग के 500 से अधिक लोगों को रोगनिरोधी औषधियां दी गई और ऐसे 54 व्यक्तियों का, जो मस्तिष्क शोथ से पीड़ित थे, का भी अध्ययन किया गया, जिसके परिणाम उत्साहवर्धक हैं।

एपिस मैलिफिका, आर्सेनिकम एल्बम, जैल्सीमियम सेम्परवाइरेन्स नामक तीन औषधियों के लक्षण मस्तिष्कशोथ के लक्षण से मिलते-जुलते थे। लेकिन जैल्सीमियम (30 की शक्ति में जब दी गयी) का लक्षण-समूह मस्तिष्क शोथ लक्षण-समूह से बहुत ही ज्यादा मिलता-जुलता था इसलिए इसका उपयोग इस महामारी विशेष में एपिडेमिक्स वंश (जीनस एपीडेमिक्स) के तौर पर प्रयोग करने की सलाह दी गई और सफलतापूर्वक इसका प्रयोग रोग-ग्रस्त व्यक्तियों पर किया गया। यह औषधि रोगनिरोधी के रूप में भी सफलतापूर्वक प्रयोग की गई।

1.2 औषधि केन्द्रित रोगलक्षण अनुसंधान

1.2.1 जैन्थोजाइलम और विबरनम औपुलस के कृच्छार्त्तव पर नैदानिक प्रभाव का मूल्यांकन

जैन्थोजाइलम और विबुरनम औपुलस नामक होम्योपैथिक औषधियों का कृच्छार्त्तव (स्त्रीजनन तंत्र का एक सामान्य रोग) पर प्रभाव तथा नये औषधि लक्षणों को जानने के लिए परिषद् ने यह अध्ययन अपने हाथ में लिया।

प्रयोग किए गएपदार्थ और विधियां

दोनों औषधियां मदर टिंक्चर के रूप में और 6,30 तथा 200 की शतांशिक शक्ति (पोटेन्सी) में दी गयीं। मदरटिंक्चर की दी गई मात्रा 10 से 20 बूंद थी । जैन्थोजाइलम अमेरिकेनम तथा विबुरनम औपुलस के संबंध में प्राप्त आंशिक आंकड़े इस प्रकार हैं—

जैन्थोजाइलम

(क) स्त्री का अलग-अलग रहने का स्वभाव, अधीरता, नाजुक संरचना, दुबली-पतली होना तथा स्वांगीकरण में कमी होना।

(ख) ऋतुस्राव आरम्भ होने से एक दिन पहले से शिरोवेदना, जो विशेष रूप से बांई आंख की ओर से शुरू होती है। शिरोवेदना लगातार होती है और ऋतुस्राव के दिनों में यह काफी बढ़ जाती है ।

(ग) लगातार मानसिक पीड़ा से ग्रस्त रहती है, कमर और उदर के निचले हिस्से में भयंकर दर्द जो ऊरु तक जाता है। तंत्रिकार्ति वेदना जो जनन-क्रूरल तंत्रिका के साथ-साथ आगे बढ़ती है। पीठ में और ऊरु में दर्द।

(घ) ऋतुस्राव बहुत जल्दी-जल्दी और अधिक मात्रा में होता है। ऊरु में दर्द और बहुत थका-थका सा महसूस करना तथा खून के धब्बे जो गाढ़े और लगभग काले होते हैं।

विबुरनम औपुलस

(क) डिम्बग्रन्थि के ऊपर ऐंठन जैसा शूल जो नीचे ऊरु तक जाता है। त्रिकास्थि और जंघनास्थि में पीड़ा और इसके साथ-साथ ऊरु की अग्र पेशियों में भी पीड़ा होती है ।

(ख) ऋतुस्राव के पहले बहुत अधिक पीड़ा, डिम्बग्रन्थि क्षेत्र काफी भारी जिसे सहारा देने की आवश्यकता महसूस हो।

(ग) ऋतुस्राव काफी देर से होता है, परिमाण में थोड़ा, पतला और हल्के रंग का, जो कुछ घंटों में ही समाप्त हो जाता है।

(घ) सायंकाल आरम्भ होते ही या भोर में और बन्द कमरे में दर्द बढ़ जाता है। खुली हवा में और घूमने से दर्द घटता है।

सारणी-1

औषधि समूह	कुल रोगियों की संख्या	उन रोगियों की संख्या जिनकी हालत में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ
जैन्थोजाइलम	72	38
विबुरनम औपुलस	65	32
कुल	137	70

ऊपर दी गई सारणी से प्रकट होता है कि 50 प्रतिशत से अधिक रोगियों की हालत में सुधार हुआ, जो उत्साहजनक है ।

1.2.2 चीलोन ग्लैब्रा, बिरांगा (एम्बेलिया राईबस), सिना, क्यूप्रम आक्सिडेटम निगरम, थाइमोल, फिलिक्स मास और ट्यूकरियम नामक औषधियों का कृमि रुग्णता पर नैदानिक प्रभाव और उसका मूल्यांकन

कृमि रुग्णता एक आम रोग है तथा उष्ण कटिबंधीय, देशों में बहुत होता है। चीलोन ग्लैब्रा, बिरांगा (एम्बेलिया राईबस), सिना, क्यूप्रम औक्सिडेटम निगरम, थाइमोल फिलिक्स मास और ट्यूकरियम के बारे में इस संबंध में जो आंकड़े उपलब्ध हैं, उनका नैदानिक मूल्यांकन करने के लिए परिषद् ने यह अध्ययन अपने हाथ में लिया है।

इस रोग से पीड़ित कुल 186 रोगियों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 80 की हालत में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ। इन रोगियों में कुछ पूर्णरूप से स्वस्थ हो गए और कुछ को बहुत तथा कुछ को औसत दर्जे का लाभ हुआ। जिन रोगियों को बहुत ही कम लाभ हुआ या औषधि की कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई वह रोगी इस संख्या में शामिल नहीं हैं। निम्नांकित सारणी से यह स्थिति स्पष्ट हो जाती है।

सारणी-II

औषधि का नाम	कुल संख्या	अनुक्रिया: पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गए	अनुक्रिया: महत्त्वपूर्ण लाभ हुआ	अनुक्रिया: औसत लाभ हुआ	अनुक्रिया: कम लाभ हुआ	अनुक्रिया: कोई अनुक्रिया नहीं
चीलोन ग्लैब्रा	51	—	5	3	37	6
बिरांगा (एम्बेलिया राइबस)	21	1	4	4	3	9
क्यूप्रम आक्सीडेटम-नाइग्रम	16	1	4	4	3	9
सिना	28	4	5	9	4	6
ट्यूक्रियम मैरम	20	2	3	6	4	5
थाइमोल	19	—	—	—	19	—
फिलिक्स मास	31	—	—	27	2	2
योग	186	7	19	54	73	33

1.2.3 मधुमेह पर होम्यो विधि द्वारा शक्तिकृत इन्सुलिन प्रभाव का नैदानिक मूल्यांकन

अतिग्लुकोजरक्तता वाले रोगियों पर शक्तिकृत इन्सुलिन के प्रभाव को निर्धारित करने के लिए केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कलकत्ता में पूर्वनिर्धारित मापदण्डों के अनुसार कार्य चल रहा है।

औषधि से कुछ लाक्षणिक सुधार होता पाया गया है परन्तु जिन रोगियों का अध्ययन किया गया है, उनकी संख्या कम होने के कारण प्राप्त आंकड़े इतने अपर्याप्त हैं कि किसी परिणाम पर नहीं पहुंचा जा सकता। इसलिए निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए अभी अध्ययन जारी है।

1.2.4 ट्यूबरकुलिनम (प्यूरा) का रोगलक्षण प्रभाव

होम्योपैथी में अनेक रोगों के लिए ट्यूबरकुलिनम का प्रयोग किया जाता है। यद्यपि, इसका प्रभाव पूरे शरीर पर पड़ता है, परन्तु सबसे अधिक प्रभाव श्वसनतंत्र पर पड़ता है। यह लगभग सभी ऊपरी श्वसनिका क्षेत्र संक्रमण में खास तौर से उन रोगियों पर जिनके परिवारों में यक्ष्मा का रोग हुआ हो, मुख्य औषधि के रूप में प्रयोग की जाती है। आश्चर्यजनक बात यह है कि इसके बहुत से महत्त्वपूर्ण लक्षण रोगलाक्षणिक प्रेक्षपों में देखे गए हैं न कि स्वस्थ आदमी में नियमित परीक्षणों में। परिषद् ने इस औषधि के रोग लाक्षणिक चित्र के अधिकाधिक विकास के लिए तथा जो लक्षण समूह ज्ञात है उसके सत्यापन के लिए यह अध्ययन आरम्भ किया है।

विधि और प्रेक्षण—

अध्ययन के लिए 65 रोगियों को पंजीकृत किया गया और उन्हें औषधि की 30 से 50 हजार शक्ति तक विभिन्न मात्राएं दी गयीं।

इस अध्ययन से साहित्य में वर्णित औषधि की लाक्षणिकी की पुष्टि होती है, जो निम्नलिखित है—

1. शीत का असर बहुत जल्दी होता है
2. घर्घराहट वाली खांसी
3. सूखी आकर्षी खांसी
4. मलबद्धता
5. तुंडिकाशोथ
6. त्वचा उद्भेद
7. लसीकापर्व विकृति
8. नैश प्रस्वेदन
9. क्लांति
10. रक्त स्रावी प्रवृत्ति
11. रक्ताधिक्यज शिरोवेदना
12. पुनरावर्ती फोड़े
13. अनिद्रा
14. अत्यार्तव प्रवृत्ति
15. अनार्तव
16. खूनी बवासीर

17. कृच्छ्रार्तव
18. चिड़चिड़ापन, उत्तेजनशीलता और बेचैनी
19. प्रातः कालीन प्रवाहिका
20. सन्धि और रुमैटिक वेदना
21. अवसाद की अनुभूति
22. कमज़ोर, अल्पपोषित दुबला और कृशकाय अवस्था
23. छाती अन्दर धंसी हुई

अधिक लाक्षणिक आंकड़े प्राप्त करने हेतु अध्ययन अभी जारी है

1.2.5 बावेल नोसोड का विभिन्न रोगों में रोगलाक्षणिक मूल्यांकन

बावेल नोसोड का प्रयोग यद्यपि व्यापक रूप से नहीं किया जाता, परन्तु चिरकारी रोगों में अन्य होम्यो औषधियों के साथ इसका प्रयोग बड़ा लाभकारी होता है। चमत्कारी औषधियों का प्रयोग पिछले 50 सालों से हो रहा है, परन्तु इनका चिकित्सीय व्यवहार मुख्यतः उन रोग लक्षणों पर निर्भर है जो स्वस्थ आदमी में दिखलाई पड़ते हैं। इस तथ्य के कारण उनका रोगजनन प्रभाव अपूर्ण है। इन सीमाओं को देखते हुए परिषद् ने इन औषधियों के रोग लाक्षणिक उपयोग के मूल्यांकन तथा भविष्य में उनकी रोगजनन क्षमता के बेहतर इस्तेमाल के लिए अध्ययन आरम्भ किया है।

इन नोसोड का विभिन्न शक्तियों (पोटेन्सी) में प्रयोग किया गया, जो इस प्रकार है :

मानसिक लक्षणों के होने पर उच्च शक्ति (200 या उससे ऊपर की शक्ति वाली) औषधि दी गई, अत्यधिक विकृतियों की उपस्थिति में निम्न शक्ति (जैसे कि 6 या इससे थोड़ी ऊपर) दी गई और चिरकारी तीव्र अवस्थाओं के समय 30 की शक्ति की मात्रा दी गई।

डिसेन्टरी को०, मोरगान (गायर्ट), मोरगान (प्योर) और साइकोटिक को नामक बावेल नोसोड का रोगलाक्षणिक परीक्षण किया गया।

आलोच्य वर्ष के दौरान अध्ययन के लिए 69 रोगी पंजीकृत किये गये। औषधि के अनुसार वितरण प्राप्त परिणाम और उपचार के दौरान लुप्त लक्षणों को सारणी III, IV, V, VI, और VII में देखा जा सकता है।

सारणी-III

औषधि-अनुसार वितरण और सुधार

औषधि	अध्ययन के लिए रोगियों की कुल संख्या	सुधार हुए रोगियों की कुल संख्या		
		कम सुधार हुए रोगी	औसत सुधार हुए रोगी	विशिष्ट रूप से सुधार हुए रोगी
डिसेन्टरी को०	43	17	12	14
मोरगान गायर्ट	19	8	2	6
मोरगान (प्योर)	4	2	1	—
साइको टिक को०	3	2		—

ऊपर दी गई सारणी औषधि अनुसार वितरण और सुधार प्रदर्शित करती है।

सारणी-IV

परीक्षण के दौरान लक्षणों के लुप्त होने का ब्यौरा

डिसेन्टरी को०

पेचिश के लक्षण	स्पष्ट लक्षण दर्शाने वाले रोगियों की संख्या	ऐसे रोगियों की संख्या जिन में सुधार हुआ या लक्षण लुप्त हो गए
खाने से उदर में दर्द	15	5
पतला मल	20	10
चिन्ता से प्रवाहिका	10	5
शारीरिक और मानसिक बेचैनी	8	3

सारणी-V

साइकोटिक को०

लक्षण	स्पष्ट लक्षण दर्शाने वाले रोगियों की संख्या	ऐसे रोगियों की संख्या जिनमें सुधार हुआ या लक्षण लुप्त हो गए
अकेले रहने पर भय	2	1
कुत्तों का भय	2	1
होंठ शुष्क और किनारों पर फटे हुए	2	1
मस्तिष्क का चिड़चिड़ापन	3	2
भोजन की गंध से मतली	2	2

सारणी VI

मोरगान गायर्टनेर

